संख्या :4031 / 1-10-2011-12(34) / 2011टी0सी0- ।

प्रेषक,

के0 के0 सिन्हा,
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जौनपुर।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 15 नवम्बर, 2011

विषयः बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मार्गो / पुलों के मरम्मत हेतु धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त आपके पत्र संख्या-180 / आपदा-जौनपुर, दिनांक 17.10..2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2011-12 बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मार्गो / पुलों के मरम्मत हेतु मांगी गयी धनराशि रू0 1,12,65,000 / - के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि रू0 56,32,500 / -(रूपये छप्पन लाख बत्तीस हजार पॉच सौ मात्र) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

Po-1

2 उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2245-प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत-आयोजनेत्तर-05-आपदा राहत निधि-800-अन्य व्यय-03 -आपदा राहत निधि से व्यय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

3. उक्त मांगी गयी धनराशि के संबंध में शासन को यह तत्काल अवगत कराया जाय कि प्रश्नगत कार्यो पर जिला स्तरीय राहत समिति का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है अथवा नहीं तथा उक्त स्वीकृत धनराशि जिला स्तरीय राहत समिति के अनुमोदन के पश्चात ही व्यय की जाय।

4. बाढ़ से तात्कालिक प्रकृति की अपरिहार्य परिस्थितियों वाले अर्ह एवं अनुमन्य श्रेणी की क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत मद में धनराशि निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही व्यय किया जायेगा । इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं अन्य सुसंगत नियमों / शासकीय निर्देशों के अधीन ही किया जायेगा। इस धनराशि का उपयोग अन्य किसी भी विभागीय कार्य हेतु कदापि न किया जाय। अग्रेतर यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा राहत निधि की धनराशि का व्यय केवल दैवी आपदाओं- अग्निकाण्ड, भूस्खलन, बादल फटने, हिम स्खलन, चकवात, सूखा, भूकम्प, बाढ़, ओलावृष्टि, कीट आक्रमण तथा सुनामी से प्रभावित व्यक्तियों को राहत सहायता प्रदान करने के निमित्त व्यय की जाय। सामान्य दुर्घटनाओं-सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना, दंगा फसाद, विद्युत आदि के कारण घटित घटनाओं के लिए इस धनराशि का उपयोग नहीं किया जायेगा।

5. उक्त धनराशि का व्यय शासनादेश संख्या-जी0आई0-134 / 1-11-2007-46 / 97, दिनांक 31 जुलाई, 2007 एवं उसके साथ संलग्न भारत सरकार की गाइड

2—मण्डलायुक्त, वाराणसी।
3— आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0 प्र0, लखनऊ।
4—वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,एन0आई0सी0, योजना भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे राहत की बेवसाइट http/rahat.up.nic.in पर अपलोड़ कराना सुनिश्ति करे।
5—वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी,कार्यालय राहत आयुक्त संगठन।
6—वरिष्ठ कोषाधिकारी / कोषाधिकारी, जौनपुर।
7—वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—5 ।
8—समीक्षा अधिकारी (लेखा), राजस्व अनुभाग—10 / राजस्व अनुभाग—6 / 11 / राहत वेबसाइट के उपयोगार्थ।
9—गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( राजेन्द्र प्रसाद )
अनु सचिव।